**बिन्दु (i) मण्डल एवं जिला सूचना कार्यालयों की विशिष्टियाँ कृत्य एवं कर्तव्य।**

- शासन के विकासपरक कार्यक्रम एवं उपलब्धियों को जन–जन तक पहुंचाने तथा विभिन्न इकाइयों द्वारा जिला स्तर पर जनता से सीधा सम्पर्क बनाये रखने के उद्देश्य से प्रदेश के समस्त 75 जनपदों में जिला सूचना कार्यालय, स्थापित है। जिला सूचना कार्यालय जनपदों में हो रहे विभिन्न कार्यक्रमों के शासन की योजनाओं तथा उपलब्धियों के प्रचार–प्रसार हेतु अपने स्तर से प्रेस नोट जारी करते हैं। सूचना विभाग के लखनऊ स्थित मुख्यालय के अतिरिक्त क्षेत्र प्रचार संगठन जनपद स्तर पर शासन की नीतियों, कार्यक्रमों और उपलब्धियों का प्रचार–प्रसार मुख्यालय से प्राप्त निर्देशों के अनुसार करते हैं। जनपद स्तर पर प्रदर्शनियों, गीत एवं नाट्य के कार्यक्रमों, प्रचार गोष्ठियों, प्रेस विज्ञाप्तियों तथा लेख/फीचर आदि द्वारा प्रचार–प्रसार सुनिश्चित किया जाता है। यह इकाईयां जिलाधिकारी के निर्देशन में आवश्यकता के अनुरूप मीडिया प्लान बनाकर शासन की नीतियों, योजनाओं और उपलब्धियों का प्रचार–प्रसार करती है।